## डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई-42

## नए सत्र में विद्यालय परिसर के यज्ञशाला में हवन – 2025-26

नए सत्र की शुरुआत हमेशा एक शुभ समय होती है-आशाओं और नवीनीकृत ऊर्जा का समय। सत्र 2025-26 की शुरुआत पवित्रता और उत्साह के साथ हुई। विद्यालय ने 6 जून, 2025 को हवन पूजन का आयोजन किया, जिसमें बारहवीं कक्षा के विद्यार्थीवृंद ,शिक्षकगण और प्रधानाचार्या जी सभी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। हवन का आयोजन शैक्षिक सत्र की शुद्ध और निर्मल शुरुआत और विद्यार्थियों में विद्यालय की परंपरा और उत्कृष्टता की भावना को प्रेरित करने के लिए किया गया। श्रीमती हेमा सारडा ने प्रधानाचार्या जी से पूरा हवन संपन्न करवाया। मंत्रोच्चारण की ध्वनि ने पूरे विद्यालय के वातावरण को भावविभोर और ज्ञानमय बना दिया। आध्यात्मिक ऊर्जा ने हवन में उपस्थित सभी विद्यार्थियों और शिक्षकगणों में एक नई शक्ति का संचार किया। विद्यालय का वातावरण हवन की पवित्रता से भर गया। संगीत विभाग के शिक्षक द्वारा भावपूर्ण यज्ञ गीत प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सुजाता एम. का प्रेरणादायक संबोधन हुआ। प्रधानाचार्या ने छात्र-छात्राओं  को नए शैक्षणिक वर्ष की शुभ शुरुआत के लिए बधाई दी और उन्हें सभी परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय की परंपरा का पालन करने और समग्र विकास के लिए नवीन रुझानों को अपनाने के महत्त्व पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

**डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई-42**

**नए सत्र में विद्यालय परिसर के यज्ञशाला में हवन – 2025-26**




वैदिक गीत गाते हुए हवन सदस्य